<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

21.08.2024 **1800बजे**

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार का विज़न प्रदेश को व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर बनाना है और सरकार अपने प्रयासों से आर्थिक संसाधन जुटा रही है। सोलन में जोगिन्द्रा सहकारी बैंक के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए सरकारी खजाने को लुटने नहीं दिया जाएगा और सरकार ने फिजूलखर्ची पर रोक लगाई है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि साधन सम्पन्न लोगों को बिजली व पानी पर सब्सिडी नहीं दी जाएगी और सरकार द्वारा इसका युक्तिकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में प्रदेश की अर्थव्यवस्था 20 फीसदी सुधरी है और जीएसटी कलेक्शन भी बेहतर हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने कार्यकाल में वर्तमान राज्य सरकार ने कर्मचारियों को 7 फीसदी महंगाई भत्ता प्रदान किया है और इस वर्ष 75 साल से अधिक आयु के 28 हजार पैंशनरों को एरियर का भुगतान कर दिया जाएगा।

<u>ओपीडी सेवाएं</u>

कोलकाता प्रकरण के विरोध और हैल्थ प्रौटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर प्रदेश के डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद अपनी हड़ताल वापस ले ली है जिसके बाद आज से प्रदेश के अस्पतालों में सामान्य ओपीडी शुरू हो गई है। शिमला में डॉक्टरों के संगठन सेमडीकॉट के अध्यक्ष डॉ. बलवीर वर्मा और महासचिव डॉक्टर पीयूष कपिला ने कहा कि मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद संगठन ने आज से मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल करने का निर्णय लिया है। हालांकि 22 अगस्त तक डयूटी टाइम के बाद सांकेतिक प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी मुख्य मांगों में वर्ष 2007 में बने मेडिपर्सन एक्ट को लागू करने और प्रदेश के करीब एक हजार 2 सौ मैडिकल प्रशिक्षु व रेजीडेंट

डाक्टरों के लिए आवास की मांग मुख्य रूप से शामिल है। इसके अलावा डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों से दुर्व्यवहार या मारपीट करने पर सजा का प्रावधान भी मुख्य मांगों में शामिल है।

कर्मचारी महासंघ

लम्बित एरियर और डीए न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राज्य सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ ने आज सचिवालय में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदेश के अन्य कर्मचारी संगठनों ने भी इसे समर्थन का ऐलान कर दिया है। सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों को वर्ष 2016 से एरियर का भुगतान और जुलाई 2022 से डीए नहीं मिला है जिससे उनमें रोष है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां राज्य सरकार मंत्रियों और मुख्य संसदीय सचिवों पर फिजूलखर्ची कर रही है वहीं कर्मचारियों को बकाया राशि का पैसा देने में आनाकानी की जा रही है।

संगीत सभा

आकाशवाणी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में इस महीने देश भर के विभिन्न स्थानों पर संगीत सभाओं को आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आकाशवाणी शिमला द्वारा कल 22 अगस्त को शाम 3 बजे से शिमला के गेयटी थियेटर में लोक संगीत सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोकगायक पंडित कृष्ण लाल सहगल और डॉक्टर राम स्वरूप शांडिल सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

उद्योग मंत्री

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने अधिकारियों को सभी विकास योजनाएं तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। नाहन में आज विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में विकास कार्य चल रहे हैं और लोगों को तय समय में इनका लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उद्योग मंत्री ने बताया कि सिरमौर जिले में अभी तक मनरेगा के तहत एक लाख 7 सौ 60 जॉब कार्ड प्रदान किए जा चुके हैं और योजना के अंतर्गत लगभग 11 करोड़ रूपए वेतन के रूप में दिए जा चुके हैं। सांसद सुरेश कश्यप और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार भी बैठक में मौजूद रहे।

पशुपालन मंत्री

प्रदेश में पहली सितम्बर से पशुधन की गणना का कार्य शुरू किया जाएगा। पशुपालन मंत्री चन्द्र कुमार ने आज शिमला में विभाग की एक कार्यशाला के बाद बताया कि गणना के बाद आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने सही गणना करने पर बल दिया और कहा कि इस बार पशुधन की गणना में डिजिटल क्रांति की अहम भूमिका होगी। चन्द्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 में की गई पशु गणना के मुताबिक प्रदेश में कुल 44 लाख पशु थे जिनमें 19 लाख भेड़ बकरियां भी शामिल हैं। पशुपालन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर 5 साल बाद पशुधन की गणना की जाती है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या कम हुई क्योंकि पिछली सरकार ने गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए कोई कदम नहीं उठाये।